FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : छठवीं — **विषय : सामाजिक विज्ञान**

PAPER CODE : 6081 — **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' **(अंक 05)**

LO – SST- 621 - विभिन्न प्रकार के भेदभाव को पहचानते है और उनकी प्रकृति एवं स्रोत को समझते हैं।

गतिविधि 1 – बच्चों के अधिकार

- तालिका में दी गई परिस्थितियों को पढ़कर बताइए कि इसमें बच्चों के किन–किन अधिकारों का हनन हो रहा हैं? इन अधिकारों से संबंधित चित्र चिपकायें तथा अपने सुझाव भी लिखिए।

क्र.	परिस्थितियाँ	किस अधिकार का हनन हो रहा है?	चित्र	सुझाव
1	यदि कोई बच्चा स्कूल नहीं जाता है।			
2	यदि कोई बच्चा पटाखे के कारखाने में काम करता है।			
3	यदि लड़कियों को खेलने की अनुमति न हो तो।			
4	यदि माता–पिता द्वारा अपने बच्चों को पोलियो की खुराक न दी जाए तो।			
5	यदि कोई आपके शरीर को आपत्तिजनक ढंग से छूता है।			

टीप – चित्रों के लिए पुरानी किताब, पत्रिकाएं, अखबार का भी उपयोग किया जा सकता है।

गतिविधि 2 – शिक्षा का अधिकार

- आपको कौन–कौन सा अधिकार प्राप्त है? जब शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू नहीं हुआ था तो बच्चों को किन– किन समस्याओं से जूझना पड़ता था ?

गतिविधि 3 – भिक्षावृत्तिः बाल अपराध

- अक्सर धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, रेल्वे स्टेशन, चौक चौराहों पर छोटे बच्चे गाना गाकर, नाच दिखाकर या अन्य तरीकों से भीख मांगते है आपकी दृष्टि से क्या यह उचित है? इसे रोकने के लिए आप क्या करेंगे?
- भिक्षावृत्ति रोकने हेतु कोई चित्र/पोस्टर बनाइए अथवा स्लोगन लिखिए ।

खण्ड – 'ब' (अंक 05)

LO – SST- 609 - बच्चे विभिन्न प्रकार के स्रोतो (पुरातात्विक,साहित्यिक आदि) को पहचानते है और इस अवधि के इतिहास के पुनर्निमाण में उनके उपयोग का वर्णन करते हैं।

गतिविधि 1 – वंशवृक्ष

- दादाजी से लेकर वर्तमान पीढ़ी तक का अपने परिवार का वंशवृक्ष बनाइए तथा फोटो भी चिपकाइएँ।

गतिविधि 2 – राष्ट्रीय प्रतीक

- उन वस्तुओं की सूची बनाइए जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक होते हैं।

गतिविधि 3 – राष्ट्रीय स्मारक

- राष्ट्रीय स्मारकों के चित्र एकत्रित कर दी गई तालिका में चिपकायें तथा प्रत्येक चित्र के सामने कुछ रोचक तथ्य/जानकारी लिखिए ।

क्र.	राष्ट्रीय स्मारक के नाम	राष्ट्रीय स्मारक के चित्र	कहाँ स्थित है?	रोचक तथ्य	इनकी सुरक्षा हेतु उपाय

●●●